भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1883

(दिनांक 29.11.2019 को उत्तर देने के लिए)

नेपाली भाषा का रेडियो या टीवी चैनल

1883. श्री राजू बिष्टः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रसार भारती द्वारा संचालित 24 घंटे का नेपाली भाषा का रेडियो या टीवी चैनल है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा हाल ही में नेपाली भाषा में 24 घंटे रेडियो और टीवी चैनल शुरू करने के लिए उठाए गए कदमों, यदि कोई हों, का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क) से (ग): प्रसार भारती ने सूचित किया है कि इनका 24 घंटे चलने वाला समर्पित नेपाली भाषा का रेडियो या टीवी चैनल नहीं है। तथापि, यह अपने कुर्सियांग, सिलीगुड़ी, गंगटोक, गोरखपुर और गुवाहाटी के आकाशवाणी केन्दों और आकाशवाणी दिल्ली के विदेश सेवा प्रभाग द्वारा नेपाली भाषा के विभिन्न अवधियों के कार्यक्रमों का प्रसारण करता है।

इसके अलावा, दूरदर्शन चैनलों नामतः डीडी बांग्ला, डीडी पूर्वोत्तर, डीडी अरुणप्रभा, डीडी गंगटोक और डीडी देहरादून से समय-समय पर नेपाली भाषा में कार्यक्रमों का भी प्रसारण किया जा रहा है।

*****